BKG-21/22

# वार्षिक परीक्षा

## हिन्दी

## IX

समय - 3 घण्टे पूर्णांक - 70

*नोट- सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।*

1. क) भारतेन्दु युग को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
   ख) प्रमुख गद्य-विधाओं का जन्म कब हुआ?
   ग) प्रेमचन्द की प्रथम कहानी का नाम बताइए।
   घ) हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास कौन-सा है?
   ड) हिन्दी के प्रथम नाटक का नाम बताइए।
2. क) आदिकाल के प्रथम कवि का नाम बताइए।
   ख) भक्ति काल में भक्ति भावना किन रूपों में प्रकट हुई?
   ग) प्रमुख सन्त कवियों के नाम लिखिए।
   घ) सूरदास की रचनाओं के नाम लिखिए।
   ड) कबीरदास की रचनाओं के नाम लिखिए।
3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

कस्तूरबा रामायण भी ठीक ढंग से कभी पढ़ न सकी। राष्ट्रीय सन्त तुलसीदास द्वारा लिखा हुआ सती-सीता का वर्णन भले ही वह ठीक समझ न सकी हो, फिर भी प्रत्यक्ष सती-सीता तो बन ही सकी। दुनिया में दो अमोघ शक्तियाँ हैं - शब्द और कृति। इसमें कोई शक नहीं कि 'शब्दों' ने सारी पृथ्वी को हिला दिया है, किन्तु अन्तिम शक्ति तो 'कृति' है। महात्मा जी ने इन दोनों शक्तियों की असाधारण उपासना की है। कस्तूरबा ने इन दोनों शक्तियों में से अधिक श्रेष्ठ शक्ति कृति की नम्रता के साथ उपासना करके सन्तोष को माना और जीवन सिद्धि प्राप्त की।

क) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
ग) लेखक ने कस्तूरबा जी की तुलना सती-सीता से क्यों की?
घ) लेखक ने किस प्रकार कृति को शब्द से अधिक सामर्थ्यवान् घोषित किया है? स्पष्ट कीजिए।
ड) शब्द और कृति में कौन श्रेष्ठ है? कस्तूरबा ने किसको अपनाया?

अथवा

सुनार बुलाया गया। वह सोने का पिंजरा तैयार करने में जुट गया। पिंजरा ऐसा अनोखा बना कि उसे देखने के लिए देश-विदेश के लोग टूट पड़े। कोई कहता,

''शिक्षा की तो इति हो गयी।'' कोई कहता, ''शिक्षा न भी हो तो क्या, पिंजरा तो बना। इस तोते का भी क्या नसीब है।''

क) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) ''शिक्षा की तो इति हो गई।'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा उनका काव्य सौन्दर्य भी लिखिए-**

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरेउ चटकाय।
टूटे से फिरि ना जुरै, जुरै गाँठ परि जाय।।

*अथवा*

पंचवटी की छाया में है, सुन्दर पर्ण-कुटीर बना,
उसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर, धीर वीर निर्भीक बना।
जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जबकि भुवन भर सोता है?
भोगी कुसुमायुध योगी-सा, बना दृष्टिगत होता है।।

**5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए-**

अ) काका कालेलकर ब) प्रेमचन्द स) रविन्द्रनाथ टैगोर

**ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए-**

अ) रहीम ब) जयशंकर प्रसाद स) मैथिलीशरण गुप्त

**6. निम्नलिखित का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

अनन्तरं श्री कृष्ण: गोपालै: सह वनं गत्वा गा: चारयति, तत्र च वेंणु वादयति, अनेन सर्वा: गाव: गोपालाश्च सर्वाणि कार्याणि विहाय तस्य वेणुवादनं श्रृण्वन्ति। महाकवि: व्यास: संस्कृतभाषायां, भक्तकवि: सूरदास: हिन्दीभाषायां तस्य बाललीलाया: अतिसुन्दरं वर्णनम् अकरोत्।

*अथवा*

अक्रोधेन जयेत् क्रोधमसाधुं साधुना जयेत्।
जयेत् कदर्यं दानेन जयेत् सत्येन चानृतम्।।

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

क) श्रीकृष्ण: क: आसीत्?

ख) देवकी का: आसीत्?

ग) किमौषधं दुर्लभम्?

घ) चन्द्र किं हन्ति?

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए-

क) 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी का सारांश संक्षेप में लिखिए।

*अथवा*

'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी का उद्देश्य क्या है? एकांकीकार को इसकी पूर्ति में कहाँ तक सफलता मिली है? अपने शब्दों में लिखिए।

9. क) चौपाई छन्द की परिभाषा लिखिए।

ख) यमक अलंकार की परिभाषा लिखिए।

ग) संयोग श्रृंगार किसे कहते हैं?

*अथवा*

वीर रस की परिभाषा लिखिए।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के तद्भव रूप लिखिए-

अ) अन्ध    ब) कर्म    स) कूप

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-

अ) दिवार    ब) नराज    स) इश्वर

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों व लोकोक्तियों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

अ) अक्ल का अंधा    ब) आँख चुराना    स) आग-बबूला होना

11. क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सन्धि कीजिए-

अ) देव + आलय    ब) हरि + ईशः    स) भानु + उदय

ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप पंचमी विभक्ति बहुवचन में लिखिए-

अ) राम अथवा हरि    ब) गुरू अथवा बालक

12. अपने प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण-पत्र लेने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

*अथवा*

अपने प्रधानाचार्य को आवश्यक कार्य के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।